

ऋषिकेश में देखने को मिला फिजिकल डिस्टेंस।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मलिन बस्ती में मॉस्क, साबुन व खाने पीने की वस्तुओं का वितरण

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए घोषित लॉकडाउन के दौरान बेसहारा व असहाय लोगों के मदद के लिए भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा ने सहस्त्रधारा रोड स्थित मलिन बस्ती में मॉस्क, साबुन व खाने पीने की वस्तुओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक राजेन्द्र कुमार ढींगरा ने सभी मजदूरों व उनके परिवारों को घर पर ही रहकर सभी तरह के सरकारी निर्देशों का पालन करने की अपील की।

### ऋषिकेश में लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर तीन गिरफ्तार

**संवाददाता** ऋषिकेश। लॉक डाउन का उल्लंघन करने पर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आइडीपीएल ऋषिकेश निवासी विशाल शर्मा लॉक डाउन का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया। वहीं, ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र में भी लॉक डाउन का उल्लंघन करने पर पुलिस ने दुर्गेश कुमार निवासी सदानंद मार्ग व रमन कुमार निवासी जाटव बस्ती को लॉग डाउन का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### हर परिवार को पांच हजार की आर्थिक मदद दी जाए: मौर्य

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के नेता राजू मौर्य ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि हर परिवार को दिल्ली सरकार की तर्ज पर पांच हजार की आर्थिक मदद के तौर पर दिये जाएं। आधार और परिवार रजिस्टर्ड के माध्यम से यह पैसा प्रदेश के परिवारों को दिया जाना चाहिए। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को छोड़कर बाकी सभी परिवारों की मदद करें, क्योंकि इन परिवारों की आमदनी पूरी तरह ठप्प हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आखिर सरकार बिल्डरों से सैस मजदूरों के कल्याण कोष के रूप मे लेती है तो इस पैसे को हर मजदूर को इस समय देना चाहिए, चाहे वह श्रम विभाग मे पंजीकृत हो या न हो।

### विकासनगर जा रहे छह मजदूरों को रोका

**संवाददाता** देहरादून। लॉक डाउन को देखते हुए राजस्व पुलिस ने चकराता के टाईगर फाल से विकासनगर जा रहे 6 छह मजदूरों को साहिया में रोक दिया। इसी के साथ ही राजस्व पुलिस ने साहिया में खरीदारी करने आए लोगों द्वारा एक दूसरे के बीच पर्याप्त दूरी न बनाने पर लाठियां फटकारी उन लोगों के बीच में दूरियां बनाई। साहिया में राजस्व विभाग की टीम ने साहिया में कालसी चकराता रोड पर सघन चेकिंग जारी रखी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश शाह ने बताया कि कई लोगों को फटकार भी लगाई गई है।

## सोशल मीडिया पर अनर्गल बयानबाजी पर होगी कार्यवाही

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा है कि जहां पूरा देश कोरोना वायरस के बचाव में जुटा हुआ है वहीं दूसरी ओर कई कांग्रेसजन सोशल मीडिया पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने इस प्रकार की अफवाहों पर विराम लगाते हुए कहा कि इस प्रकार का कोई बदलाव नहीं हो रहा है। उन्होंने ऐसे कांग्रेसजनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है। यहां एक बयान में महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार की हरकतें करने वालों का संज्ञान प्रदेश प्रभारी अनुग्रह नारायण सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने ले लिया है और जल्द ही ऐसे लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश जहां कोरोना वायरस के बचाव के लिए एकजुटता का परिचय देते हुए कार्य कर रही है तो दूसरी ओर कुछ लोग सोशल मीडिया पर अनर्गल अफवाहे फैलाने का काम कर रहे हैं ऐसे लोगों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ शीघ्र ही अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। ऐसे लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को इस प्रकार की हरकतों से बाज आना चाहिए।

# जनता को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी: सीएम

### निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से फोन के माध्यम से कोविड–19 के प्रभावी नियंत्रण के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रखी जाएं। खाद्यान्न एवं आवश्यक वस्तुओं की पूर्ण उपलब्धता रखी जाए। सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन कराया जाए। प्रदेश की जनता को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की आवश्यकताओं के लिए शासन के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। यह ध्यान रहे कि खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री में ओवर रेटिंग की शिकायत ना हो। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों से भी स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आवश्यक सामग्री के लिए स्वास्थ्य सचिव एवं डीजी स्वास्थ्य से संपर्क करने के निर्देश दिए।

**पीएम राहत कोष में दी एक लाख की आर्थिक सहायता:** कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए प्रधानमंत्री की ओर से आम जनता से राहत जुटाने की अपील की गई है। जिसमें लोग सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। कई संस्थाएं भोजन सामग्री का सहयोग कर रही हैं तो कई लोग आर्थिक रूप से मदद कर रहे हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश के निदेशक प्रोसेसर रविकांत ने प्रधानमंत्री राहत कोष में व्यक्तिगत रूप से एक लाख रुपये आर्थिक सहायता दी है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी सक्षम लोगों को इस कार्य में आगे आना चाहिए।

### सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रखी जाए

### सीएम रावत व उनके परिवार ने राहत कोष में दी आर्थिक सहा



मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कोरोना वायरस के दृष्टिगत अपने 5 माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती सुनीता रावत ने कोरोना वायरस के दृष्टिगत 1 लाख रुपए का चेक, मुख्यमंत्री की बेटी कृति रावत ने 50,000 एवं सृजा ने 2000 रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिए हैं।

### सीएम राहत कोष में आर्थिक सहायता

द इंडियन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की ओर से कोविड–19 के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दो लाख का चेक दिया है, यह चेक स्कूल के डायरेक्टर श्री मुनेन्द्र खंडूड़ी ने दिया। डीजी स्वास्थ्य डॉ अमिता उप्रेती ने 50,000 रुपए का चेक एवं उनके पति डॉ ललित मोहन उप्रेती ने भी 50,000 रुपए का चेक कोविड–19 के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिए। मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री जे.सी खुल्बे ने 5,000 रुपए का चेक, वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव श्री के.के मदान ने 11,000 रुपए का चेक एवं वरिष्ठ निजी सचिव श्री हेमचंद्र भट्ट ने 5,100 रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए हैं।

# उल्लंघन पर चौपहिया व दुपहिया वाहनों का चालान

### लॉकडाउन

■ जरूरतमंदों को पुलिस ने उपलब्ध कराया राशन

देहरादून। **संवाददाता**

विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्तराखंड लॉकडाउन के चलते राजधानी के विभिन्न स्थानों पर एसपी सिटी श्वेता चौबे के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारियों ने लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले चौपहिया व दुपहिया वाहनों का चालान किया। घंटाघर पर सुबह से ही पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मोर्चा संभाले हुए थी। वहां पर उन्होंने पहले चौपहिया वाहन चालकों व दुपहिया वाहन चालकों को समझाया। चौपहिया वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित होने के बावजूद पहले से थोड़ी सी कम संख्या में वाहन दिखाई दिये, लेकिन दुपहिया वाहनों पर जो दो व्यक्ति व महिलायें सवार थे उन्हें पुलिस कर्मचारियों ने उतार दिया और कहा कि केवल एक ही व्यक्ति आ जा सकता है लेकिन इसके बावजूद भी चौपहिया वाहन सड़कों पर उतरे तो चालान किया गया तथा कई वाहनों को सीज भी किया गया।

इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी अरूण मोहन जोशी ने कहा है कि जरूरतमंद लोगों व असहायों के लिए राशन उपलब्ध कराने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जहां पर एक टीमवर्क की भांति काम किया जा रहा है। पुलिस की ओर से जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों की हरसंभव सहायता लगातार की जा रही है जिन लोगों को परेशानी हो रही है वह सीधे कंट्रोल रूम के संपर्क में है और उनकी हरसंभव मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की अपेक्षा आज सड़कों कम संख्या में चौपहिया वाहन उतरे हैं लोगों में जागरूकता भी आई है। उन्होंने कहा कि जो लोग घरों में हैं उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस कर्मचारियों को इसके लिए व्यापक स्तर पर तैनात किया गया है।

### सड़कों पर बहुत कम नजर आए चौपहिया वाहन

मंगलवार को घंटाघर पर सुबह से ही लॉकडाउन की स्थिति का जायजा लेते हुए अनावश्यक रूप से सड़कों पर निकले वाहनों व चौपहिया वाहनों को सीज करते हुए कड़े कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि शहर में सरकार के आदेश के मुताबिक पुलिस द्वारा सभी चौपहिया वाहनों के अनावश्यक रूप से चलने पर पूर्ण तरीके से पाबंदी लगाई गयी है। पुलिस ने काफी सख्ती दिखाई और चौपहिया व दुपहिया वाहनों को चालान काटे गये।

## सीएम राहत कोष में दी दो लाख की धनराशि

**संवाददाता** देहरादून। गायत्री परिवार देहरादून के परिजनों द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष में आज दो लाख की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से जमा की है। यहां जारी एक बयान में गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी राधाकृष्ण सेमवाल ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना वायरस के वैश्विक संकट के निवारण हेतु गायत्री परिवार देहरादून के समस्त परिजन अपने अपने घरों में 33 जड़ी बूटियों से निर्मित संक्रमण विरोधी हवन सामग्री से यज्ञ एवं विश्वव्यापी संकट के निवारण हेतु जप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि लॉकडाउन के कारण मजदूरों एवं बेसहारा लोगों को भोजन सभी जगह उपलब्ध नहीं कराया जा पा रहा है फिर भी कतिपय परिजन कुछ विशेष स्थानों सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए भोजन सामग्री भी उपलब्ध करा रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।